दिन– शुक्रवार दिनांक– 04/04/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संसद के दोनों सदनों से वक्फ संशोधन विधेयक और मुसलमान वक्फ निरसन विधेयक पारित होना सामाजिक–आर्थिक न्याय, पारदर्शिता और समावेशी विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक अवसर है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में संसदीय समिति के विचार–विमर्श में भाग लेने वाले सभी सांसदों का आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने उन लोगों को भी धन्यवाद दिया जिन्होंने संसदीय समिति को अपने बहुमूल्य सुझाव भेजे। श्री मोदी ने कहा कि वक्फ प्रणाली में दशकों से पारदर्शिता और जवाबदेही का अभाव रहा, जिससे निर्धन मुस्लिमों, महिलाओं और पसमांदा मुस्लिमों के हितों को नुकसान पहुंचा। प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद से विधेयक पारित होने से पारदर्शिता बढ़ेगी और लोगों का हित सुरक्षित होगा। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का उद्देश्य अधिक सुदृढ़ और समावेशी भारत का निर्माण करना है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार प्रत्येक नागरिक की गरिमा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

———————————————————

गृहमंत्री अमित शाह ने संसद द्वारा वक्फ संशोधन विधेयक–दो हजार पच्चीस को मंजूरी दिए जाने को ऐतिहासिक बताया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि इससे वर्षों से चले आ रहे अन्याय और भ्रष्टाचार का अंत हुआ है और न्याय तथा समानता का युग शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक से वक्फ बोर्ड और वक्फ संपत्तियां अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और न्यायसंगत होंगी। उन्होंने कहा कि इससे मुस्लिम समुदाय के गरीबों, महिलाओं और बच्चों को निश्चित रूप से लाभ होगा। गृहमंत्री ने इस महत्वपूर्ण विधेयक के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू को बधाई दी। उन्होंने इसका समर्थन करने वाले सभी दलों और सांसदों का भी आभार व्यक्त किया।

———————————————————

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने वक्फ बिल के पारित होने को ऐतिहासिक बताया है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री सिन्हा ने कहा कि इस बिल से वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता आएगी। उन्होंने कहा कि यह बिल गरीब, शोषित और पिछड़े तबके के मुस्लिम समाज के लिए फायदेमंद साबित होगा।

---

हिन्दी फिल्मों के जाने–माने अभिनेता मनोज कुमार का आज निधन हो गया। वे सत्तासी साल के थे और पिछले कई दिन से बीमार चल रहे थे। मनोज कुमार ने भारतीय दर्शकों को कई यादगार फिल्मे दी हैं, जिनमें उपकार, रोटी कपड़ा और मकान, क्रांति, शोर तथा पूरब और पश्चिम प्रमुख हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत फिल्म, कला और राजनीति जगत से जुड़े लोगों ने मनोज कुमार के निधन पर गहरा दुख जताया है।

---

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने नई दिल्ली से दरभंगा के लिए एक नई उड़ान सेवा की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि इस नई सेवा से प्रदेश में पर्यटन और आर्थिक विकास को बल मिलेगा। इस मौके पर जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा और दरभंगा के सांसद गोपालजी ठाकुर भी उपस्थित थे।

---

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चैती छठ महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान आज संपन्न हो गया। गंगा, कोसी, गंडक, बागमती और सोन के अलावा तालाबों, जलाशयों और अस्थायी घाटों पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भागवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। इसके बाद छठ व्रतियों ने पारण करने के बाद प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर औरंगाबाद के देव सूर्य मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु जुटे थे।

---

शिक्षा विभाग ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी सरकारी विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन किया है। सात अप्रैल से एक जून तक प्रारंभिक और माध्यमिक

विद्यालयों का संचालन सुबह छह बजकर तीस मिनट से दोपहर बारह बजकर तीस मिनट तक होगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।